Title: Need for early completion of electrification work and laying of double rail line in Udhan-Bardoli and Bhusawal rail sector in Gujarat - Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): महोदय, दक्षिण गुजरात की सूरत उधना बारडोली एवं भूसावल रेलवे लाईन में जो रेल लाइनों का विद्युतीकरण हो रहा है, उसका कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और सूरत में कई क्षेत्रों से लोग रोजगार के लिए आते जाते हैं। उनकी विद्युतीकरण से ई.एम.यू. रेल सेवा चलाने में मदद मिलेगी, उसके बाद यहां के लोगों को सूरत आने जाने में काफी सुविधा होगी और इन रेल लाइनों के सैक्टरों में यातायात समय के साथ बढ़ रहा है। दूसरी बात यहां पर एकहरी लाइन है और यातायात के बढ़ने के कारण कई सालों से इन रेल लाईन के सैक्टरों पर दोहरी लाईन बनाने हेतु मांग की जा रही है। यह दोनों कार्यो की मांग जल्द से जल्द पूरा किया जाना यहां के आदिवासी लोगों के लिए अत्यंत हितकर होगा।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि इन रेल सैक्टरों के विद्युतीकरण की समीक्षा करके इस कार्य में तीव्र गति लाई जाए और दोहरी लाईन के कार्य को तत्काल मंजूरी दी जाए।